प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

0000000

- राज्य सरकार के कार्यकाल की पहली वर्ष गांठ पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत–आज जयपुर सहित सभी जिलों में रन फोर विकसित राजस्थान–जोधपुर में राज्यस्तरीय मुख्यमत्री रोजगार उत्सव।
- राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट 2024 के लिए अधिसूचना जारी–ऑनलाईन आवेदन 16 दिसम्बर से किये जा सकेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के क़ाफ़िले के साथ हुई दुर्घटना की पुलिस मुख्यालय द्वारा उच्च स्तरीय जाँच का निर्णय लिया गया।
- प्रदेश में कडाके की सर्दी का असर शुरू–सीकर के फतेहपुर में तापमान माईनस 1 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस दर्ज।

.........

राज्य की मौजूदा सरकार के कार्यकाल की पहली वर्ष गांठ के अवसर पर आज से प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन शुरू हो रहे है। आज सभी जिलों में 'रन फॉर विकसित राजस्थान' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में जनपथ स्थित अमर जवान ज्योति से रन फॉर राजस्थान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत और पुलिस महानिदेशक यू आर साहू सहित विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज से कई अन्य कार्यक्रमों की भी शुरूआत हो रही है।

......

पहली वर्षगांठ पर जोधपुर में आज राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव और युवा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री 15 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इसके साथ ही 85 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया की शुरूआत करेंगे। श्री शर्मा 4 हजार 10 स्कूलों में 8 हजार 20 स्मार्ट क्लास रूम, ई–पाठशाला और विद्या समीक्षा केन्द्र का शुभारम्भ करेंगे। इसी के साथ ही लर्न, अर्न एण्ड प्रोग्रेस प्रोग्राम, राजस्थान टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना, स्पोर्टस लाइफ इंश्योरेंस स्कीम और बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम भी आज से शुरू होगा। इससे विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा से जुड़ने के अवसर मिलेंगे। उत्सव के दौरान श्री शर्मा 155 स्टार्टअप को फंडिंग, 1 लाख 25 हजार छात्राओं को साइकिल, 75 हजार 325 विद्यार्थियों को व्यवसायिक टूल किट, 23 हजार 100 विद्यार्थियों को टैबलेट और 21 हजार बालिकाओं को स्कूटी भी वितरित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रम के लिए व्यापक तैयारियां की गई है।

......

पहली वर्षगांठ के कार्यक्रमों की कडी में कल किसान सम्मेलन होंगे। 14 दिसम्बर को महिला सम्मेलन का आयोजन होगा। 15 दिसम्बर को सेवा शिविर, रक्तदान शिविर सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। जयपुर विकास प्राधिकरण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से नई योजना का शुभारंभ करेगा। जेडीए ने इसे अटल विहार योजना नाम दिया है। ये योजना कालवाड़ रोड पर नारी का बास में होगी। इसमें 284 भूखंड होंगे। सूचना और जनसम्पर्क विभाग की ओर से जिलों में विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

...........

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट 2024 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। रीट परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 16 दिसंबर से शुरू होगी।

इसके तहत माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर 15 जनवरी 2025 तक आवेदन किये जा सकेंगे। ये परीक्षा अगले साल 27 फरवरी को आयोजित की जाएगी। बोर्ड के सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि इस बार रीट परीक्षा के पैटर्न में कुछ बदलाव किए गए हैं। परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी और इसमें पांचवां विकल्प शामिल किया गया है। यह बदलाव परीक्षा को अधिक पारदर्शी और सटीक बनाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अधिक होने की स्थिति में परीक्षा का एक दिन बढ़ाया जा सकता है। बोर्ड ने यह भी सुनिश्चित किया है कि परीक्षा को सफलता पूर्वक संचालित करने के लिए सख्त सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और निगरानी के लिए विशेष टीमें तैनात की जाएंगी।

............

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार इस साल आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में हुए 35 लाख करोड़ रूपये के एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए पूरी ताकत के साथ काम करेगी। कल जयपुर में समिट के समापन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि दो साल बाद यह हिसाब भी दिया जायेगा कि समिट में हुए कितने एमओयू धरातल पर उतरे हैं। उन्होंने घोषणा की कि दो साल बाद राज्य सरकार फिर से राईजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेन्ट समिट का आयोजन करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राजस्थान के मारवाड़ियों और उद्यमियों ने पूरे देश–दुनिया में नाम कमाया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लोग जन्म से ही उद्यमिता का हुनर लेकर आते हैं।

.......

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उर्जा क्षेत्र में निवेश होना शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि अमरीका और चीन के बाद ऊर्जा की खपत के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है।

............

दौसा जिले के कालीखाड गांव में बोरवेल में गिरे बच्चे आर्यन की मृत्यु हो गई। करीब 56 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में कल रात आर्यन को बोरवेल से बाहर निकालकर दौसा के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गौरतलब है कि सोमवार को आर्यन खेलते वक्त बोरवेल में गिर गया था। हादसे की सूचना मिलने के बाद सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम की ओर से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

...........

जयपुर में कल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के क़ाफ़िले के सामने गलत दिशा से तेजी से आती हुई गाड़ी के कारण हुई दुर्घटना की पुलिस मुख्यालय उच्च स्तरीय जाँच का निर्णय लिया गया है। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने बताया कि इस घटना की जाँच डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम को सौंपी गई है। इस घटना में मुख्यमंत्री की गाड़ी भी दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गई थी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दुर्घटना में एएसआई सुरेन्द्र सिंह की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। अपने सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि दुख की इस घडी में राज्य सरकार सुरेन्द्र सिंह के परिजनों के साथ है। पुलिस महानिदेशक ने भी एएसआई की मृत्यु पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

.............

प्रदेश में कडाके की सर्दी का असर शुरू हो गया है। सर्द हवाओं से ठिठुरन और गलन का एहसास बढ रहा है। आज दूसरे दिन भी सीकर के फतेहपुर में पारा माईनस में दर्ज किया गया। ये बढकर माईनस 1 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस पर पंहुच गया। शाहपुरा मे खेतों में अल सुबह ओस की बूंदे भी नजर आने लगी है। लोग अलाव का सहारा लेकर सर्दी से बचने का प्रयास कर रहे है। हनुमानगढ और पाली में भी सर्द हवाओं से जनजीवन प्रभावित है। चूरू में न्यूनतम तापमान गिरकर डेढ डिग्री सैल्सियस पर पहुंच गया। भरतपुर में कडाके की ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम केन्द्र जयपुर ने आगामी तीन–चार दिनों तक कडाके की सर्दी का असर बने रहने की संभावना व्यक्त की है।

..............